>

Title: Need to widen N.H. 24 and N.H. 58.

**श्री राजनाथ सिंह :** दिल्ली से होते हुए यह राजमार्ग पूरे उत्तर भारत को जोड़ने का काम करता है।...(व्यवधान) यह बहुत ही महत्वपूर्ण राजमार्ग है। दो से लेकर चार घंटे का जाम इस एन.एच.-24 और एन.एच.-58 पर प्रतिदिन लगता है।...(व्यवधान) पूरे उत्तर भारत के लोगों को इस जाम के कारण प्रतिदिन यंतूणा झेलनी पड़ती है। इस साल में ही मैंने पूरक पृश्न के माध्यम से माननीय मंत्री जी से पृश्न पूछा था। उन्होंने आश्वस्त किया था कि एक सप्ताह के अंदर ही एन.एच.-24 और एन.एच.-58 के चौड़ीकरण का काम यानी आठ लेन की सड़क बनाने का काम पूारंभ हो जाएगा। लेकिन, कई महीनों का समय गुज़र जाने के बाद भी आज तक काम पूारंभ नहीं हुआ है

सभापति महोदय, यह भी आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि ये दोनों राजमार्ग - एन.एच.-24 और एन.एच.-58 इतने महत्वपूर्ण हैं कि आपात स्थिति में भारत-पाकिस्तान, और इंडो-चाइना बॉर्डर पर भी यदि दिल्ली से सैन्य रसद ले जाना हो तो एन.एच.-24 और एन.एच.-58 के माध्यम से ही वह ले जाना संभव हो पाएगा। इतना ही नहीं, दिल्ली के लिए खाद्य सामग्री, दूध, फल-फूल, और सब्जी आधे से अधिक जो आती है, वह इसी एन.एच.-24 और एन.एच.-58 से आती है।...(व्यवधान) पूतिदिन लाखों लोगों का आवागमन दोनों राजमार्गों से होता है।...(व्यवधान) इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि इस एन.एच.-24 और एन.एच.-58 का जल्दी से जल्दी चौड़ीकरण कराया जाना चाहिए। आठ लेन की सड़क बनायी जानी चाहिए।...(व्यवधान) सरकार को इसकी स्टेटस रिपोर्ट देनी चाहिए और इसे टाइम-बाउण्ड मैनर पर दिया जाना चाहिए।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN:

Shri Virendra Kumar and

Shri P.L. Punia are also associated with the matter raised by Shri Rajnath Singh.

Now, Shri Basu Deb Acharia.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please go back to your seats. Allow the House to function.

...(*Interruptions*)